Need to simplify the software pertaining to implementation of Mahatma Gandhi National Rural Employment Guarantee Scheme

श्री नारणभाई काछड़िया (अमरेली): MNREGA जो एक रोजगार गारंटी योजना है और इसके सॉफ्टवेर मे सिस्टम अपडेट के कारण लेबर और स्किल मस्टर डिस्प्ले नहीं हो पाता है जिससे अमरेली के महुवा तालुके डुंडास, जांबुड़ा, कोंजली और कालेला गाँव में मानव दिन का पेमेंट नहीं हो पा रहा है । वर्ष 2021-22 में और 2022-23 के स्किल और मटीरियल्स के काम में वेज लिस्ट तक एंट्री की गई है लेकिन First Sign इस एंट्री के डिस्प्ले न होने के कारण इन व्यक्तिगत कार्यों का पेमेंट नहीं हो पाता है । सिस्टम अपडेट होने से अमरेली जिले के खांभा और राजुला तालुके में स्किल मस्टर रोल फिल और डिस्प्ले भी नहीं हो पाता है । नेशनल मोबाइल मॉनिटरिंग सिस्टम में हाजरी से E- मस्टर रोल फिल करते समय edit का ऑप्शन डिस्प्ले नहीं होता और पेमेंट करने में भी समस्या आती है जिसके कारण मजदूरों को समय पर पैसा नहीं मिल पाता है । अतः मै माननीय मंत्री जी से विनती करता हूँ कि इस सॉफ्टवेर की प्रक्रिया को सरल बनाने की कृपा करें । धन्यवाद ।